बुधवार
30 अगस्त 2023



पृष्ठ 4
कमर दर्द से हैं परेशान तो हो जाएं सावधान!



पृष्ठ 5
शिल्पा शेट्टी ने किया अपनी नई फिल्म सुखी का ऐलान



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 203
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

जैसे उल्लू को सूर्य नहीं दिखाई देता वैसे ही दुष्ट को सौजन्य दिखाई नहीं देता।
– स्वामी भजनानंद

# हरक के ठिकानों पर विजिलेंस के छापे

विशेष संवाददाता

देहरादून। अपने अनेक कामों को लेकर राजनीतिक चर्चाओं के केंद्र में रहने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता डॉ हरक सिंह रावत के तमाम ठिकानों पर विजिलेंस की टीमों ने छापेमारी की है। यह छापेमारी की कार्यवाही वन मंत्री रहते कॉर्बेट पार्क में अवैध कटान और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर की गई है।

आज सुबह की गई इस कार्यवाही के दौरान उनके सहसपुर स्थित कॉलेज और पेट्रोल पंप तथा विधौली स्थित हॉस्टल पर विजिलेंस की टीम द्वारा छापे मारे गए। विजिलेंस टीम द्वारा उनकी परिसंपत्तियों की तलाश की जा रही है। हालांकि इस छापेमारी में विजिलेंस के अधिकारियों के हाथ क्या लगा है इस विषय में कोई जानकारी नहीं हो सकी है लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विजिलेंस टीम द्वारा अवैध व अनैतिक तरीको से की गई कमाई और उसके खर्च करने वाले मदो की जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक छापेमारी की कार्रवाई जारी थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस कालेज तथा पेट्रोल पंप व हॉस्टल का संचालन उनके बेटे द्वारा किया जाता है।



❑कार्बेट पार्क घोटालों को लेकर हुई कार्यवाही
❑वनमंत्री रहते अवैध कटान व वित्तीय घोटालों के आरोप

कांग्रेस छोड़कर अपने तमाम सहयोगियों के साथ 2016 में भाजपा में जाने वाले डा. हरक सिंह रावत भाजपा की पूर्ववर्ती त्रिवेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व वाली सरकार में वन मंत्री बनाये गये थे। 2018-19 में उनके वन मंत्री रहते ही कार्बेट पार्क में टाइगर सफारी योजना को शुरू किया गया था जिसके लिए 600 से 700 के बीच वृक्षों का कटान किया गया था, यही नहीं पार्क में सैर के लिए आने वाले पर्यटकों के लिए गेस्ट हाउस निर्माण आदि कई बड़े काम कराए गए थे। जिनकी एडिट रिपोर्ट सरकारी पैसे से खरीदे गए भारी भरकम जनरेटर्स आदि का प्रयोग उनके द्वारा निजी कामों में किए जाने का खुलासा हुआ था वही इस टाइगर सफारी योजना में तमाम वित्तीय अनिमितताओं का खुलासा होने पर डीएफओ और वन रेंजर को सस्पेंड कर दिया गया था। 2018-19 के इस मामले के खुलासे के बाद इस घपले घोटाले में वन मंत्री डॉ हरक सिंह रावत की संलिप्ता की बात भी सामने आई थी। 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व डा. हरक सिंह रावत फिर भाजपा का साथ छोड़कर कांग्रेस में लौट आए थे। तभी से वह भाजपा नेताओं के निशाने पर हैं।

छापेमारी की खबर के बाद कई पत्रकारों द्वारा डा. हरक सिंह रावत की इस पर प्रतिक्रिया जानने के लिए संपर्क करने की कोशिशें की गई लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# नैनीताल को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। आंतकी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन के नाम से नैनीताल को बम बलास्ट कर उड़ा देने की धमकी देने वाले शातिर को एसटीएफ द्वारा आंध्रप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि बीते कुछ समय पूर्व नैनीताल पुलिस के ऑफिशियल पेज पर नितिन शर्मा नाम से फेसबुक यूजर द्वारा खुद को हिजबुल मुजाहिद्दीन आंतकी संगठन का बताते हुए जिला नैनीताल को बम बलास्ट कर उड़ा देने की धमकी दी गयी थी। मामले की गम्भीरता को देखते हुए प्रकरण में पुलिस ने मल्लीताल थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी थी। जिस बाद में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन को स्थानातरित कर दिया गया। मामले में एसटीएफ द्वारा दो टीमों का गठन किया गया जिसमें से एक टीम को तकनीकी विश्लेषण का दायित्व सौंपा गया जबकि दूसरी टीम को मामले की जांच सौंपी गयी। पहली टीम ने भौतिक व तकनीकी विश्लेषण से जानकारी प्राप्त की कि उक्त संदिग्ध व्यक्ति का नाम नितिन शर्मा पुत्र सुरेंद्र शर्मा जो कि दिल्ली का निवासी है, किन्तु जिसके द्वारा अपना धर्म परिवर्तन कर खालिद नाम रख लिया है तथा वह आन्ध्रप्रदेश में होना बताया गया। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पूर्व भी उक्त व्यक्ति द्वारा 4 अक्टूबर 2022 को नैनीताल कन्ट्रोल रुम को इस प्रकार की भ्रामक सूचना जिसमें नैनीताल के विभिन्न स्थानों में बम बलास्ट होने की सूचना दी गयी थी। फिलहाल उस मामले में पूछताछ की जा रही है कि



◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

# 'आदित्य-एल 1' प्रक्षेपण के लिए तैयार, इसरो ने शेयर की तस्वीरें

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को अपने सौर मिशन आदित्य-एल। की लॉन्च रिहर्सल पूरी कर ली। आदित्य-एल। सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला-श्रेणी का भारतीय सौर मिशन है। इसरो ने कहा कि लॉन्च की तैयारियां चल रही हैं।



भारतीय ताराभौतिकी संस्थान (आईआईए) ने मंगलवार को कहा था कि उसने विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी) का डिजाइन तैयार करने के साथ ही इसका संयोजन और परीक्षण किया है, जो सूर्य के अध्ययन के लिए भारत के पहले समर्पित वैज्ञानिक मिशन आदित्य-एल 1 के सात उपकरणों में से एक है। इसरो दो सितंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से आदित्य-एल1 का प्रक्षेपण करने के लिए तैयार है। आईआईए ने एक बयान में कहा, आईआईए को वीईएलसी का संयोजन करने के लिए होसाकोटे में अपने क्रेस्ट परिसर में भारत का पहला बड़ा आकार का क्लास टू क्लीन रूम बनाना था। सूर्य के व्यापक अध्ययन और अवलोकन के लिए उपग्रह अपने साथ छह अन्य उपकरण भी ले जाएगा।

# कांग्रेस नेता ने स्वामी प्रसाद मौर्य की जीभ काटने वाले को 10 लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की

लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य हिंदू धर्म को लेकर लगातार विवादित बयान दे रहे हैं। हाल ही में उन्होंने हिंदू धर्म को धोखा कहा था। जिस पर अब एक कांग्रेस नेता ने उनकी जीभ काटने वाले को 10 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की है। इनाम रखने वाले कांग्रेस नेता का नाम पंडित गंगा राम शर्मा है। वो मुरादाबाद में कांग्रेस के मानवाधिकार विभाग के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने मौर्य पर हिंदू धर्म का अपमान करने और धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस की निंदा करने का आरोप लगाया। साथ ही उनकी जीभ काटने पर इनाम रख दिया। इससे जुड़ा एक पत्र भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



कांग्रेस नेता ने कहा है कि जरूरत पड़ी तो वह अपने धर्म के लिए जान भी दे देंगे। सपा नेता के द्वारा श्री रामचरितमानस को विवादित टिप्पणी बताने के बाद कांग्रेस नेता के द्वारा जीभ काटने वाले को इनाम देने का एलान किया है। रामचरितमानस पर समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा बार-बार बयान देकर विवाद को बढ़ाने का आरोप लगाया गया है। स्वामी प्रसाद ने रामचरितमानस में दलित और महिलाओं की बात कही थी और आरोप लगाया था कि तुलसीदास ने ग्रंथ को अपनी खुशी के लिए लिखा था।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# सस्ता गैस सिलेंडर चुनावी शगुफा

महंगाई की मार से से त्राहिमाम त्राहिमाम करती देश की जनता को बड़ी राहत देते हुए आज केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में सबसे बड़ी कमी करने की घोषणा कर दी गई है। दो सौ रूपये प्रति सिलेंडर की एक साथ कमी किए जाने से देश का वह आम आदमी इतना खुश है कि जैसे उसे कोई कुबेर का खजाना हाथ लग गया हो वहीं इस मूल्य वृद्धि और कटौती के गणित को जानने समझने वाले इस बात पर हैरान है कि जो सरकार कल तक पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमत घटने या बढ़ने के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में आने वाले उतार-चढ़ाव की बात लोगों को समझा कर यह कहते थे कि तेल कंपनियां इसकी हर माह समीक्षा करती हैं और वही बढ़ोतरी या कमी का फैसला करती हैं तो फिर अब केंद्र सरकार ने कैसे इतनी बड़ी कमी कर दी गई। केंद्र सरकार जो रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल तथा उर्वरकों पर दी जाने वाली सब्सिडी को लगभग समाप्त कर चुकी है बिना सब्सिडी दिए ही उसने कैसे रसोई गैस की कीमतों में इतनी बड़ी कमी कर दी क्या तेल कंपनियों को होने वाले राजस्व घाटे की भरपाई केंद्र सरकार करेगी? बहुत ही गूढ़ थ्योरी है यह कीमतों में कमी और वृद्धि की। खैर राजनीतिक दल इस बड़ी कटौती के पीछे तीन राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव से जोड़कर देख रहे हैं तो वहीं इस कटौती को 2024 के आम चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के नेता इसे भाजपा के उस डर के रूप में देख रहे हैं जो 2024 के चुनाव में मिलने वाली हार का कहा जा रहा है उनका तो यहां तक कहना है कि देखते जाओ अभी चुनाव से पहले क्या-क्या और कितना सस्ता होता है। विपक्षी नेता इसे भाजपा का एक चुनावी शगुफा बता रहे हैं वहीं प्रधानमंत्री मोदी भी अपने देश की जनता या प्यारे देशवासियों जिसे अब वह अपने परिजनों कहकर संबोधित करते हैं उन्हें यह कह कर प्रचारित कर रहे हैं कि रक्षाबंधन और अन्य त्योहारों पर अपनी बहनों के लिए वह तोहफा बता रहे हैं और कह रहे हैं कि वह उन्हें दुखी नहीं देख सकते हैं। सवाल यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 9 साल बाद इन बहनों के दुख की बात क्यों याद आई है 2014 में जो रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 410 रुपए के आसपास थी वह रसोई गैस सिलेंडर 1150 रुपए तक पहुंच गया किंतु प्रधानमंत्री मोदी को एक बार भी अपनी बहनों की परेशानी नजर नहीं आई बीते 6 सालों में रसोई गैस पर दी जाने वाली सब्सिडी को सरकार ने लगभग शून्य कर दिया। उज्जवला योजना के लाभार्थियों को सरकार फ्री गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं करा सकी और चूल्हा फूंकने पर ही वह विवश होती रही मगर सरकार को एक बार भी उनकी याद नहीं आई। 9 सालों में गैस सिलेंडर के दामों में 693 रुपए की वृद्धि हुई है जो 56 फीसदी से भी अधिक है। राजस्थान जैसे राज्यों की सरकार इस दौर में भी 500 रूपये में सभी को गैस सिलेंडर उपलब्ध करा रही है। बात यह है कि चुनाव से पूर्व भाजपा के नेताओं को अब यह समझ आ रहा है कि बढ़ती महंगाई 2024 में उनकी नैय्या को डुबो सकती है लेकिन यह महंगाई सिर्फ गैस सिलेंडर तक सीमित नहीं है जब टमाटर के भाव 250 रुपए किलो हो सकते हैं तो कहां-कहां से महंगाई की मार को कम किया जा सकता है। बीते 9 सालों में दूध, दही, मक्खन, तेल, घी सब पर तो जीएसटी वसूला जा रहा है। महंगाई ने गरीब व आम आदमी की कमर कैसे तोड़ी है यह बस देश की गरीब जनता ही जानती है यह कटौती सिर्फ ऊंट के मुंह में जरा भर है जो चुनावी शगूफे जैसा ही है।

## नेशनल स्पोर्टस डे पर बालीबाल मैच का आयोजन, खेल भावना की ली शपथ

संवाददाता

देहरादून। एनडीआरएफ व आईएनएसपी ने वॉलीबाल मैच का आयोजन कर खेल को खेल की भावना से अपनी जीवन में समाहित करने की शपथ ली।

आज यहां हॉकी के जादूगर कहे जानें वाले खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर मनाया जाता है। जिनका जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद मे हुआ था। साल 2012 मे सर्वप्रथम भारत सरकार द्वारा इस दिन को नेशनल स्पोर्टस के रूप में मनाने की घोषणा की गई। इसके क्रम में आज एन डी आर एफ कैम्प झझरा ,देहरादून में आर एन धपोला आफिसर कमांडेट और आईएनएसपी आनंद सिंह के नेतृत्व मे वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया और साथ ही खेल को खेल भावना से अपने जीवन मे समाहित करने की सपथ ली। नेशनल स्पोर्टस डे कंल मनाने का मुख्य उद्देश्य पूरे देश को खेल के प्रति बढ़ावा देना, बच्चों , साथियों व समाज को खेल के प्रति प्रेरित करना।

त्वं दाता प्रथमो राधसामस्यसि सत्य ईशानकृत्।
तुविद्युम्नस्य युज्या वृणीमहे पुत्रस्य शवसो महः।।
(ऋग्वेद ८-९०-२)

हे परमेश्वर ! आप ही सर्वप्रथम हैं। आप ही सर्वश्रेष्ठ धन, ऐश्वर्या, गरिमा आदि के प्रदाता हैं। आप ज्ञान और बल के भी प्रदाता हैं। आप ही नायक बनाते हैं और गरिमा के प्रदाता हैं। हम आपसे प्रार्थना करते हैं कि हमें भी आप अपना आशीर्वाद प्रदान करें।

## ब्राह्मण समाज पर अमर्यादित टिप्पणी करने पर पुण्यानंद का फूंका पुतला



संवाददाता

देहरादून। ब्राहमण समाज पर अमर्यादित टिप्पणी करने पर पुरोहित समाज ने इसका विरोध करते हुए पुण्यानंद गिरी का पुतला फूंका।

आज यहां उत्तराखंड पुरोहित समाज के तत्वावधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अध्यक्ष आचार्य प्रेमलाल बिंजोला की अध्यक्षता में तय कार्यक्रम के अनुसार सर्वप्रथम सभी आचार्य जनों ने श्री रामेश्वर मंदिर झंडा तालाब में एकत्रित होकर स्वामी पुण्यानंद गिरी के द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रति अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और पुण्यानंद गिरी का पुतला दहन किया। तत्पश्चात सभी आचार्य जानों ने माल देवता स्थित सोंग नदी के तट पर जाकर विधि विधान से श्रावणी उपाकर्म मनाया। जिसमें अध्यक्ष प्रेम लाल बिंजोला सहित सभा के पूर्व अध्यक्ष आचार्य दिनेश तिवारी, उपाध्यक्ष आचार्य सुभाष डिमरी, महासचिव आचार्य हर्षपति घिल्डियाल, सह सचिव आचार्य कृष्णानंद नौड़ियाल, प्रवक्ता आचार्य लक्ष्मी प्रसाद ममगाई, कोषाध्यक्ष आचार्य गोपाल काला, सह कोषाध्यक्ष आचार्य इंद्रमणि पंत, संगठन मंत्री आचार्य अमित काला, सलाहकार आचार्य मित्रानंद नौटियाल, कार्यकारिणी सदस्य आचार्य चंद्रकांत मैठाणी, आचार्य कुलदीप थपलियाल, आचार्य संदीप बहुगुणा आचार्य, माधवानंद नौटियाल, आचार्य अमित कुकरेती, सहित सभा के लगभग 50 सदस्यों की उपस्थिति रही दोनों कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

## दून संस्कृति स्कूल में किया पौधारोपण



संवाददाता

देहरादून। सिटीजन फोर क्लीन एण्ड ग्रीन एम्बीन्स द्वारा दून संस्कृति स्कूल (आईटीआई) में वृक्षारोपण किया गया।

आज यहां सिटीजन फोर क्लीन एण्ड ग्रीन एम्बीन्स के द्वारा दून संस्कृति स्कूल में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें सोसायटी द्वारा विभिन्न प्रजातियों के फलदार वृक्ष लगवाये गये। आम, अमरूद, आडू, आवंला नीबू, बरगद आदि लगभग 50 वृक्ष लगाये गये। स्कूल के बच्चों ने भी वृक्ष लगाने में योगदान दिया। स्कूल मैनेजर मनीष द्वारा भी वृक्ष कार्यक्र करवाने में योगदान दिया गया।

सोसायटी के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार, उदयदत्त, अशोक शर्मा आदि ने अपना योगदान दिया।

## घरेलू सिलेंडर 200 रुपये सस्ता होने पर पीएम का आभार जताया



संवाददाता

हरिद्वार। घरेलु गैस सिलेंडर के दो सौ रूपये सस्ता होने पर सामाजिक संगठनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

आज यहां रक्षाबंधन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घरेलू गैस के सिलेंडर में 200 की कटौती किए जाने से उत्साहित भाजपा के नेता संजय चोपड़ा ने ई-मेल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी का संयुक्त रूप से आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। भाजपा नेता संजय चोपड़ा ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के सर्वज्ञ विकास के लिए भागीरथ प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा एलपीजी सिलेंडरों में 200 रूपये की कटौती की गई है उससे उज्जवला योजना के लाभार्थियों को केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को दी जा रही सब्सिडी काफी लाभ होगा। घरेलू गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि में 200 रूपये की कटौती किए जाने से उत्साहित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों मे पूर्व आलोक मिश्रा, मनोज कुमार मंडल, राजकुमार एंथनी, राजेश खुराना, संजय बंसल, कमल शर्मा, नंदकिशोर गोस्वामी, चंदन दास, प्रभात चौधरी, सचिन राजपूत, रणवीर सिंह, जय भगवान, हंसराज दुआ, राधेश्याम रतूड़ी, चंदन रावत, जय सिंह बिष्ट आदि ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## किट्टी के नाम पर ठगे 15 लाख रुपये, पति पत्नी पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। किट्टी के नाम पर 15 लाख रूपये की धोखाधडी करने के मामले में पुलिस ने पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धामावाला निवासी नरेन्द्र कुमार सचदेवा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि साहिबा जैन व निशान्त जैन द्वारा एमडीडीए कम्प्लैक्स घण्टाघर पर बाला जी ट्रेडर्स के नाम कर आफिस चलाया जाता था। उसकी जान पहचान वर्ष 2018 मे हुई थी तथा उसके द्वारा साहिबा जैन व निशान्त जैन की फर्म बाला जी ट्रेडर्स मे किट्टी कमेटी के नाम पर लगभग प्रन्दह लाख रूपये लगाये गये थे जो कि अलग अलग किट्टी कमेटी के रूप मे लगाये थे क्यो कि ग्रुप 5 हजार रूपये प्रतिमाह का था व कोई ग्रुप 25 हजार रूपये प्रतिमाह के था।

इसी प्रकार कई अन्य ग्रुप भी संचालित किये जाते थे जिसके कार्ड उसके पास उपलब्ध है। साहिबा जैन व निशान्त जैन के आश्वासन पर उसके द्वारा पैसा लगाया गया। परन्तु जब पैसा वापस देने का समय आया तो साहिबा जैन व निशान्त जैन टाल मटौल करने लगे। इसी दौरान कुछ अन्य लोगो द्वारा उक्त दम्पति के खिलाफ धोखाधडी के मुकदमे पंजीकृत कराये गये तथा उक्त मुकदमे न्यायालय देहरादून मे लम्बित है। जब उसके द्वारा अपने पैसो का तकादा किया गया तो उक्त दम्पति द्वारा यह कहा गया कि उनके ऊपर 10-11 मुकदमे दर्ज हो चुके है और गैगेस्टर एक्ट मे भी मुकदमा दर्ज हो चुका है जिसके चलते वह 18 महीने की जेल करा कर आ चुके है अब हम किसी का एक रूपया भी नही देगे तुमसे जो होता है कर लो और दोबारा पैसा मांगने आया तो जान से मरवा देगे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सोशल मीडिया पर वन विभाग के सीओं को बदनाम करने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। वन विभाग के सीओ को सोशल मीडिया पर बदनाम करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन क्षेत्राधिकारी मोतीचून राजाजी टाइगर रिजर्व आलोकी ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके कार्यकाल के दौरान 24 जनवरी 2023 को संजय पोखरियाल पुत्र सुंदर सिह पोखरियाल ,निवासी ग्राम गोहरीमाफी, के विरुद्ध टाइगर रिजर्व क्षेत्र मे अवैध प्रवेश के अपराध मे केस जारी किया गया था। उसके द्वारा तत्कालीन समय मे उक्त व्यक्ति के विरुद्ध सुसंगत धाराओ के तहत विधिक कार्यवाही की गयी। जिससे ज्ञात होता है कि उक्त मुकदमें से झुब्ध होकर संजय पोखरियाल द्वारा स्वंय की फेसबुक आईडी से उसके नाम एंव पदनाम से 26 अगस्त 2023 को फेसबुक पर भ्रामक एंव असत्य कथनो को लिखित रुप मे टिप्पणी की गयी है। उक्त व्यक्ति के द्वारा यह कृत्य लगातार किया जा रहा है तथा पूर्व मे भी पदनाम से फेसबुक मे उसके विरुद्ध टिप्पणी की गयी है। उक्त व्यक्ति के द्वारा उसकी छवि को सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक रुप से प्रसारित कर धूमिल किया गया है ,जिससे उसका मानसिक शोषण हुआ है ,जिस कारण राजकीय कार्य प्रभावित होने की प्रबल संभावना है। उसको सोशल मीडिया फेसबुक मे धमकी दी गयी है ,जिससे उसको उक्त व्यक्ति से जान का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नाबालिग के फांसी लगाने पर सुसाइड के लिए प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। नाबालिग के फांसी लगाने पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बालावाला निवासी विनय कृपाली ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके बेटे विदित्य कृपाली जिसकी उम्र 17 साल थी ने अपनी ना समझी के कारण पंखे से लटकर फांसी लगा दी और उक्त घटना से एक दिन पहले 02 अगस्त 2023 को उसकी पत्नी के खाते से ि मियांवाला ब्रांच पीएनबी में है इस खाते से गूगल-पे के द्वारा मौहम्मद अलास को 4000 तथा दो अन्य को 1000-1000 रूपये दिये गये है। इसके बाद मोबाईल से उक्त जानकारी डिलिट कर दी थी, जिसकी उसको कोई जानकारी नही थी और न ही यह लोग उसके व उसके परिवार के परिचीत है। उसको उसके इस कृत्य पर किसी के द्वारा उस पर दबाब बनाये जाने का संदेह है इसलिए वह उक्त लेन देन एवं फोन के जांच करवाना चाहते है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मकान से जेवरात व नगदी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोडकर वहां से जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भटटोवाला श्यामपुर निवासी सावित्री पैन्यूली ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह बाजार गयी थी। जब वह वापस आयी तो उसने देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था तथा घर से जेवरात व तीन हजार रूपये नगद गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# फर्जी दस्तावेजों से चाचा की दुकान बेचने पर भतीजा-भतीजी पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। फर्जी दस्तावेजों से चाचा की दुकान बेचने पर भाभी व भतीजा-भतीजी पर मुकदमा दर्ज पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवक आश्रम रोड निवासी सुनील शेखर शर्मा ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने एक दुकान हरीश अरोडा तथा कमल अरोड़ा पुत्रगण गुरूमुख दास, निवासी न्यू रोड, देहरादून द्वारा मुख्तारेआम मनीत अरोडा पुत्र प्रेम कुमार अरोडा, निवासी न्यू रोड, देहरादून दुकान संख्या 11. भूतल स्थित मिडो आर्केड, राजपुर रोड, 4 लाख 55 हजार रूपये में क्रय किया था, जिसका पंजीकरण सब रजिस्ट्रार कार्यालय में विधिवत् पंजीकृत है तथा उसका नाम राजस्व अभिलेखों में भी दर्ज है, जो कि नगर निगम में भी दर्ज है। कुछ दिन पहले ही उसको पता चला कि उसके सगे भाई की पत्नी सुजाता शर्मा, उनके बेटे कार्तिक शर्मा व बेटी केतकी पराशर पत्नी करण पराशर निवासी सोनीपत हरियाणा ने यह दुकान दमनप्रीत कौर निवासी गुरू रोड को फर्जी दस्तावेजों के सहारे बेच दी है।

# पुराने मोबाइल खरीदने के चक्कर में गंवाये तीन लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। पुराने मोबाइल खरीदने के चक्कर में आकर तीन लाख रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैपरी में दुकान चलाने वाले शिव नारायण ओझा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह पिछले कई वर्षो से मोबाईल रिपेयरिंग की शॉप व इंस्टिट्यूट चलाने का कार्य करता है तथा उसका यह कार्य काफी पुराना है। वर्ष 2021 के शुरू में उसको उसके मोबाईल पर किसी उमेश शर्मा नाम के व्यक्ति के मैसेज लगातार आने लगे जो अपने आपको मोबाईल फैक्ट्री करोल बाग नाम की फर्म का मालिक बताता था और कहता था कि वह सैकेन्ड-हैन्ड (पुराने/इस्तेमाल किये हुये ) फोन में डील करता है व उसका माल दुबई से आता है तथा बहुत ही कम दाम पर सैकेण्ड हैण्ड मोबाईल उपलब्ध कराने की बात करता था। परन्तु वह उक्त व्यक्ति को अपने साथ व्यापार करने से मना कर देता था परन्तु उसके बावजूद भी उक्त उमेश शर्मा उसको लगातार मैसेज करता रहा और उसको पुराने मोबाईलों की फोटो भी भेजता रहा व ज्यादा लाभ कमाने का लालच देता था जिसके प्रमाण उसके पास उसके व्हट्सअप चैटिंग के रूप में मौजूद हैं। वर्ष 2022 में वह उमेश शर्मा की बातों के झांसे में आ गया तथा उसके उत्प्रेरित करने पर वह उमेश शर्मा के साथ व्यापार करने के लिए सहमत हो गया जिसके बाद उमेश शर्मा के द्वारा उससे पांच लाख रुपये के माल का आर्डर करने की पेशकस की गयी जिसे उसने स्वीकार कर लिया जिसके एवज में उसके द्वारा 07अप्रैल 2022 को 45,600 रूपये व 40 हजार रूपये द्वारा पे-टीएम मोबाईल पर किये गये जो मोबाईल नम्बर उमेश शर्मा के नाम पर था तथा 7 अप्रैल 2022 को ही 45 हजार रूपये द्वारा गूगल- पे के माध्यम से किये गये जो कि उमेश शर्मा की सहयोगी पूजा शर्मा के अकाउंट में द्वारा गूगल-पे के माध्यम से ट्रान्सफर किये गये। उमेश शर्मा द्वारा उसके मोबाईल पर व्हट्सअप के माध्यम से भेजा गया था तथा 08 अप्रैल 2022 को 48 हजार रूपये द्वारा गूगल पे भी पूजा शर्मा को ट्रान्सफर किये गये। इसके बाद उमेश शर्मा द्वारा उससे और पैसों की मांग की गयी व उमेश शर्मा द्वारा उसको व्हट्सअप पर एक चैक भेजा गया जो कि उसके साथी कबीर सचदेवा के अकाउन्ट का था और कहा गया कि उसके साथी के अकाउन्ट में 1 लाख 15, हजार रूपये ट्रान्सफर कर दिजिये जिसे उसने स्वीकार करते हुये 1,लाख 15 हजार रूपये व 25 हजार रूपये एस०बी०आई० बैंक के माध्यम से 08 अप्रैल 2022 को उमेश शर्मा के कहने पर कबीर सचदेवा के खाते में ट्रान्सफर कर दिये तथा जिस चैक के अकाउन्ट नम्बर में पैसे ट्रान्सफर किये गये।

इस प्रकार उसने उमेश शर्मा को कुल तीन लाख अठ्ठारह हजार रुपये ट्रान्सफर कर दिये जिसके बाद उसने उमेश शर्मा को सामान का आर्डर दिया किन्तु उमेश शर्मा द्वारा उसको कोई माल नहीं भेजा गया। जब उसने उससे अपने पैसे वापस मांगे तो उसने उसको जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नकली मालिक खडा कर रजिस्ट्री कराने पर पांच के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। नकली मालिक खडा कर जमीन की रजिस्ट्री कराने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडी टण्डन मार्ग निवासी अजय आनन्द ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके व उसकी पत्नी के नाम स्थित मौजा खुरावा, परगना परवादून, तहसील सदर, जिला देहरादून में भूमि है। जिस पर वह पिछले कई वर्षों से काबिज है और उसका अपनी भूमि पर आज भी कब्जा है और भूमि में बाउन्ड्रीवॉल आदि निर्मित हैं। 19 अगस्त 2023 को जब वह अपनी भूमि में था तो वहां पर कुछ व्यक्ति आये जिन्होंने अपना नाम दीपक सिंह, अभिषेक कोठारी, गौरव पुण्डीर आदि बताया और उन्होंने उससे कहा कि यह जमीन उन्होंने अजय आनन्द व रचना आनन्द द्वारा मिन्टू कुमार से खरीदी है और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। उसने उन्हें बताया कि वह इस जमीन का मालिक है और उसने तो अपनी जमीन किसी को नहीं बेची है तो कहने लगे कि इस जमीन के मालिक वह है।

उक्त मामले को गम्भीरता से लेते हुये जब उसने रजिस्ट्रार ऑफिस देहरादून में तहकीकात की तो उसको पता चला कि उसके व उसकी पत्नी रचना आनन्द के स्थान पर फर्जी अजय आनन्द व फर्जी रचना आनन्द द्वारा मिन्टू कुमार पुत्र सोम सिंह ने मनीष कुमार पुत्र किशन चन्द निवासी दून विहार बस्ती, जाखन व अखलाख अहमद पुत्र शरीफ अहमद निवासी उनतरी गांव, भगवन्तपुर, देहरादून के साथ मिलकर आपराधिक षडयंत्र रचकर उसकी उपरोक्त खातों में वर्णित जमीनों की कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर एक फर्जी मुख्तारनामा आम तैयार किया और उक्त मुख्तारनामा आम को सब रजिस्ट्रार कार्यालय द्वितीय, देहरादून में निष्पादित कराया और उसी फर्जी मुख्तारनामें के आधार पर कुछ फर्जी रजिस्ट्रियां आपराधिक षडयंत्र रचकर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अपने साथियों के नाम जिनके नाम अभिषेक कोठारी, दीपक सिंह, गौरव पुण्डीर करा ली हे। उपरोक्त कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर फर्जी रजिस्ट्रियों के गवाह विक्रान्त पुरी निवासी पटेल नगर व सिद्धार्थ अरोड़ा अंसारी मार्ग आनन्द चौक देहरादून भी आपराधिक षडयन्त्र व कूटरचित दस्तावेजों को बनाने में शामिल है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# पर्वतीय जनपदों के लोगों के दुःख दर्द से भाजपा को नहीं सरोकारःगोदियाल

संवाददाता

देहरादून। गणेश गादियाल ने कहा कि भाजपा व उसके नेताओं को पर्वतीय क्षेत्र के लोगों के दुःख-दर्द से दूर-दूर तक कोई सरोकार नहीं है।

आज यहां अखिल भातरतीय कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्लूसी) के सदस्य एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने उत्तराखण्ड राज्य के पर्वतीय जनपदों में अतिक्रमण के नाम पर की जा रही तोड़फोड की कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार पर पर्वतीय क्षेत्र के लोगों के परम्परागत हक-हकूक छीनने व पलायन के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पहाडी क्षेत्र के 90 प्रतिशत लोग नजूल भूमि पर सदियों से निवास करते आ रहे हैं तथा बरसों पुरानी निर्मित सड़कों के किनारे छोटे-मोटे व्यवसाय कर अपनी अजीविका चला रहे हैं तथा आज तक किसी भी सरकार ने उन्हें अतिक्रमणकारी नहीं माना परन्तु भाजपा सरकार ने न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए जिस प्रकार लोगों को उजाड़ने का काम किया है उसे किसी भी स्थिति में न्याय संगत नहीं ठहराया जा सकता है।

गणेश गोदियाल ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र के जनपदों में भाजपा सरकार न तो बुनियादी सुविधाओं का विकास कर पाई और न ही वहां के बेरोजगारों के लिए रोजगार के साधन जुटा पाई है इसके विपरीत जो लोग स्वरोजगार एवं छोटा-मोटा व्यवसाय कर अपनी अजीविका चला रहे हैं राज्य सरकार ने उसे भी छीनने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र में हो रही लगातार भारी बरसार के बावजूद जिस प्रकार राज्य सरकार द्वारा बेरहमी से लोगों के आशियाने तोड़े गये वह प्राकृतिक न्याय के भी विपरीत है। सरकार की इस कार्रवाई से कई परिवारों को खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर होना पड़ रहा है तथा कई छोटे व्यवसायियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

उन्होंने कहा कि एक ओर राज्य की भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार ने न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद शराब व्यवसायियों को लाभ पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों तथा राज्य मार्गों का नाम तक परिवर्तित कर दिया वहीं बरसों से बसे लोगों को उजाड़ने में भाजपा की वर्तमान सरकार ने कतई देर नहीं लगाई। इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा व उसके नेताओं को हमारे पर्वतीय क्षेत्र के लोगों के दुःख-दर्द से दूर-दूर तक कोई सरोकार नहीं है।

# राष्ट्रीय गर्व का अवसर

इस सफलता को और बड़ा आयाम देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे मानवता की कामयाबी बताया। उनका यह कथन महत्त्वपूर्ण है कि यह कामयाबी संकेत देती है कि विकासशील देश भी इसी तरह की बड़ी उपलब्धियां प्राप्त कर सकते हैं।

चंद्रयान-3 अभियान की सफलता हर लिहाज से राष्ट्रीय गर्व का विषय है। सारा देश दम साधे इस मौके का इंतजार कर रहा था, उसकी वजह यही है कि विज्ञान ने चाहे जितनी तरक्की की हो, लेकिन चांद पर लैंडर को सटीक ढंग से उतार देना आज भी आसान नहीं है। आशंकाएं कई वजहों से थीं। एक तो चंद्रयान-2 की विफलता की याद आज भी ताजा है, दूसरे चंद्रयान-3 के चांद पर उतरने से कुछ ही दिन पहले रूस का यान लूना दुर्घटनाग्रस्त हो गया। फिर मंगलवार शाम को अचानक यह खबर तेजी से फैली कि लैंडर की सेहत को देखते हुए यान को चांद की सतह पर उतारने का काम 27 अगस्त तक के लिए टाला जा सकता है। लेकिन तमाम आशंकाएं निर्मूल साबित हुईं और इस तरह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपना यान उतारने वाला भारत दुनियाका पहला देश बन गया है। इस सफलता को और बड़ा आयाम देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे मानवता की कामयाबी बताया। उनका यह कथन महत्त्वपूर्ण है कि यह कामयाबी इस बात का संकेत देती है कि विकासशील देश भी इसी तरह की बड़ी कामयाबियां हासिल कर सकते हैं।

यह हकीकत है कि इस सफलता पर पूरी विकासशील दुनिया में खुशी देखी गई है। इस ओर ध्यान खींचा गया है कि चंद्रमा पर शोध के अभियान में इस समय जो तीन देश प्रमुखता से जुटे हुए हैं, वे सभी यानी भारत, रूस और चीन विकासशील देशों के उभरते मंच ब्रिक्स के सदस्य हैँ। यह सचमुच दुनिया के इतिहास में एक नया अध्याय है, जब विकासशील देश दर्शक नहीं, बल्कि बारीक वैज्ञानिक गतिविधियों की पात्र बन कर उभरे हैं। भारत ने यह सफलता लंबे प्रयास और स्वतंत्रता के बाद तुरंत सत्ता में आए नेतृत्व की दूरंदेशी के बूते हासिल की है। यह सफलता अनेक रुकावटों को पार करते हुए प्राप्त की गई है। यह गौरतलब है कि जब चंद्रयान-1 अभियान सफल हुआ था, तब 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद पश्चिमी देशों की तरफ से भारत पर लगाए गए कई तकनीकी प्रतिबंध अभी भी लागू थे। तब से आज तक भारत काफी आगे बढ़ा है। यह सचमुच गर्व का विषय है। (आरएनएस)

# ब्रिक्स की नई यात्रा

नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान यह दो-टूक एलान किया कि भारत ब्रिक्स के विस्तार का समर्थन करता है। उनकी इस घोषणा के तुरंत बाद शिखर सम्मेलन में नए देशों को ब्रिक्स में शामिल करने के मानदंडों से संबंधित प्रस्ताव को पारित कर दिया गया।

अपने 15वें शिखर सम्मेलन के साथ पांच उभरती अर्थव्यवस्थाओं- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका- का मंच ब्रिक्स अब एक नई यात्रा शुरू करने जा रहा है। बुधवार इस शिखर सम्मेलन में महत्त्वपूर्ण दिन रहा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान यह दो-टूक एलान कर दिया कि भारत ब्रिक्स के विस्तार का समर्थन करता है। मोदी के भाषण पर सबकी निगाहें टिकी थीं, क्योंकि पिछले कुछ समय से पश्चिमी मीडिया में कई भ्रामक खबरें थीं। उनमें बताया गया था कि भारत ब्रिक्स के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए नया भुगतान सिस्टम बनाने की ब्रिक्स की कोशिश का विरोध कर रहा है। जबकि ये दो मुद्दे ही दक्षिण अफ्रीका के जोहानेसबर्ग में आयोजित शिखर सम्मेलन में प्रमुख मुद्दा थे। शिखर सम्मेलन से ठीक पहले यह बात साफ हो गई थी कि ब्रिक्स जोहानेसबर्ग शिखर सम्मेलन में अपनी अलग करेंसी का एलान नहीं करेगा। इसके बजाय वहां चर्चा ब्रिक्स देशों के बीच आपसी कारोबार में भुगतान अपनी मुद्राओं में करने का सिस्टम बनाने पर होगा। इसे आर-5 यानी रुपया, रेनमिनबी, रुबल, रैंड और रियाल- के बीच सहयोग के नाम से जाना जा रहा है। ब्रिक्स में विस्तार को भारत के समर्थन की घोषणा के तुरंत बाद विस्तार के मानदंडों से संबंधित प्रस्ताव शिखर सम्मेलन में पारित कर दिया गया। यानी अब विस्तार एक हकीकत बनने जा रहा है। चर्चा है कि पहले चरण में सऊदी अरब, यूएई, ईरान, अल्जीरिया और अर्जेंटीना को ब्रिक्स से जोड़ा जाएगा। सदस्यता के लिए अर्जी देने वाले बाकी 18 देश अभी फ्रेंड्स ऑफ ब्रिक्स के रूप में मौजूद रहेंगे। आपसी मुद्राओं में कारोबार तो पहले से ही जोर पकड़ रहा है। इसके लिए भारत खास उत्साहित रहा है। चूंकि यह चलन सभी विकासशील देशों के हित में है, इसलिए इसे और गति मिलना भी अब एक वास्तविक संभावना है। हालांकि जोहानेसबर्ग आए किसी नेता ने यह कहा नहीं है, लेकिन वहां हुए फैसले साफ संकेत देते हैं कि अपनी नई यात्रा में ब्रिक्स जी-7 के वर्चस्व के लिए एक बड़ी चुनौती बनेगा। आर्थिक ताकत, सियासी इरादा, और वक्त की धारा- ये सभी अब ब्रिक्स के अनुकूल हैं।( आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# कमर दर्द से हैं परेशान तो हो जाएं सावधान!



कमर दर्द आम तौर पर बहुत से लोगों को होता है। इसके कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि अच्छी तरह से न उठना-बैठना, अधिक समय तक बैठे रहना, शारीरिक चोट, या अन्य अंदरूनी समस्याएँ। यदि कमर दर्द लगातार बना रहता है और आपको इससे बहुत परेशानी हो रही है,तो हो सकता है आपको ऑस्टियोपोरोसिस नामक बीमारी हो जिसमें हड्डियाँ कमजोर हो जाती हैं और टूटने का खतरा बढ़ जाता है। यह मुख्य रूप से बुढ़ापे में होती है, लेकिन आज कल यह युवाओं में भी देखने को मिल रहा है।

6 करोड़ लोग प्रभावित

वर्तमान में देश में 6 करोड़ लोग इस बीमारी से प्रभावित हैं, और इसमें चौंकाने वाली बात यह है कि इसमें 8० प्रतिशत महिलाएं हैं। ऑस्टियोपोरोसिस जहां यह पहले 5० साल की उम्र में दिखाई देता था, लेकिन अब 3० से 4० की आयु में भी यह संख्या बढ़ती जा रही है।

जानें क्या कारण हो सकता है

आयु: जैसे-जैसे आयु बढ़ती है, हड्डियों की घनत्व में प्राकृतिक रूप से कमी होती है।

हार्मोनल परिवर्तन: महिलाओं में मेनोपॉज के बाद एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी से हड्डियों की कमजोरी हो सकती है।

पोषण की कमी: कैल्शियम और विटामिन ष्ठ की कमी से भी हड्डियों का घनत्व कम हो सकता है।

जानें लक्षण

हड्डियों में दर्द

हड्डियों की कमजोरी जिससे आसानी से चोट आ सकती है

हड्डियों का आकार छोटा हो जाना

हल्की चोट से भी हड्डी टूट सकती है।

कमर की हड्डी की कमजोरी के कारण झुकना।

जानें इसका उपाय

पोषक तत्वों की सेवन: कैल्शियम और विटामिन डी की पर्याप्त मात्रा में सेवन करें।

व्यायाम: नियमित रूप से व्यायाम करना जैसे कि वॉकिंग, जोगिंग, और कम वजन उठाना।

धूम्रपान और मदिरा: इनसे परहेज करें क्योंकि ये हड्डियों को कमजोर बना सकते हैं।

बोन डेंसिटी टेस्ट: नियमित अवधियों पर हड्डी की मजबूती का परीक्षण कराएं।



दवा : अगर आवश्यक हो, तो डॉक्टर की सलाह पर ऑस्टियोपोरोसिस की दवाएँ लें।

जानें कौन सा टेस्ट करवाएं

बोन डेंसिटी टेस्ट, जिसे डेक्सा स्कैन भी कहा जाता है, एक विशेष प्रकार की एक्स-रे परीक्षण है जो हड्डियों के मिनरल घनत्व को मापता है। यह टेस्ट ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों का पता लगाने में मदद करता है और यह भी पता लगाने में मदद करता है कि आपकी हड्डियों में फ्रैक्चर का जोखिम कितना है। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -026

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 25 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्रा |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |



# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हड्डी 7 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

नवाजुद्दीन सिद्दीकी हाल ही में फिल्म टीकू वेड्स शेरू में नजर आए थे। फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई थी, लेकिन लोगों को पसंद नहीं आई। वहीं अब एक बार फिर नवाज अपने नए रूप में आने के लिए तैयार है, जिसका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक्टर की नई फिल्म हड्डी का शानदार ट्रेलर रिलीज हुआ है।

फिल्म मेकर्स ने हड्डी का ट्रेलर रिलीज किया। फिल्म हड्डी के 2125 सेकंड के ट्रेलर की शुरुआत कमरे की दीवार पर लगी ट्रांसजेंडर की तस्वीरें, लाल साड़ी पहने और हाथ में तेज धार वाला छुरा लिए नवाजुद्दीन सिद्दीकी नजर आ रहे हैं।

ट्रेलर में नवाज एक से बढ़कर एक दमदार डायलॉग बोलते नजर आ रहे हैं, जिसमें वो कहते हैं, हमारा आशीर्वाद बहुत शक्तिशाली होता है और हमारा श्राप बहुत भयावह, और उससे भी भयावह जानते हो क्या होता है, हमारा बदला।। ट्रांसजेंडर बनकर नवाज कई खून करते नजर आ रहे हैं। नवाजुद्दीन ने अपने इस किरदार से एक बार फिर सभी को हैरान कर दिया है।

यह फिल्म नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म हड्डी सिनेमाघरों में नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर 7 सितंबर को रिलीज होगी। बता दें, नवाजुद्दीन सिद्दीकी के फिल्म से अब तक तीन से 4 ट्रांसजेंडर लुक भी सामने आ चुके हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन अक्षत अजय शर्मा ने किया है, जबकि जी स्टूडियो द्वारा प्रोड्यूस किया गया है।

बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो पवन कृपलानी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'फोबिया 2' में अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। साथ ही वो जयदीप चोपड़ा की फिल्म 'संगीन' में अपने सेक्रेड गेम्स के को-स्टार एलनाज नोरौजी के साथ अहम रोल प्ले करेंगे। उन्हें आखिरी बार बड़े पर्दे पर फिल्म हीरोपंती 2 में देखा गया है, इस फिल्म में उन्होंने मुख्य विलेन लैला का किरदार निभाया है।



# तेरी आदत 2 के लिए उत्साहित हूं अनुष्का सेन

सिद्धार्थ निगम के साथ तेरी आदत 2 में अभिनय करने वाली अभिनेत्री अनुष्का सेन का कहना है कि वह अपने आगामी गीत को लेकर उत्साहित हैं और दोनों ने इसे बड़ा बनाने के लिए काम किया है। अनुष्का सेन और सिद्धार्थ निगम को मुंबई में डिनर आउटिंग के दौरान देखा गया। बातचीत करते हुए, दोनों ने अपने तीसरे गाने तेरी आदत 2 के बारे में बात की। गाने के बारे में बात करते हुए अनुष्का सेन ने कहा, तेरी आदत को बहुत प्यार और सराहना मिली, अब तेरी आदत 2 आ रही है, प्रशंसक बेसब्री से गाने का इंतजार कर रहे थे, हम दोनों गाने को लेकर उत्साहित हैं। हम दोनों ने गाने पर बहुत मेहनत की है और यह बहुत अच्छा लग रहा है।

सिद्धार्थ निगम और अनुष्का सेन ने गल करके और तेरी आदत म्यूजिक वीडियो किए हैं, दोनों ही प्रशंसकों के बीच काफी हिट रहे। टीज़र को मिली प्रतिक्रिया के बारे में बात करते हुए, सिद्धार्थ ने कहा, टीज़र को जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है, उससे मैं खुश हूं, हमने इसे बड़ा बनाने के बारे में सोचा, सब कुछ दोगुना होगा, मज़ा और सब कुछ। तो, गाना रिलीज़ होने तक इंतज़ार करें। तेरी आदत 2 को अभि दत्त ने गाया और कंपोज किया है, गाना असीम अहमद अब्बासी ने लिखा है, गाने में हर्ष शर्मा भी हैं। गाना जल्द ही रिलीज होगा।

# शिल्पा शेट्टी ने किया अपनी नई फिल्म सुखी का ऐलान



एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की अपकमिंग फैमिली एंटरटेनर फिल्म सुखी 22 सितंबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म के निर्देशक सोनल जोशी हैं। सुखी 38 वर्षीय पंजाबी गृहिणी सुखप्रीत सुखी कालरा और उसके दोस्तों की कहानी है, जो 20 साल बाद अपने स्कूल रियूनियन में भाग लेने के लिए दिल्ली जाते हैं।

फिल्म में सुखी ढेर सारे अनुभवों और भावनाओं से गुज़रते हुए, एक पत्नी और एक मां के बाद फिर से अपने 17 वर्षीय वर्जन को जी रही हैं।

शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर अपकमिंग फिल्म का पोस्टर शेयर किया और लिखा, ये कहानी है मेरी, आपकी, हम सबकी। मिलिए आपकी ही जैसी, सुखप्रीत कालरा यानी की सुखी से और आइए मेरी दुनिया में, 22 सितंबर सिर्फ सिनेमाघरों में।

यह फिल्म सोनल जोशी के निर्देशन की पहली फिल्म है और भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विक्रम मल्होत्रा और शिखा शर्मा द्वारा निर्मित है।

इसमें शिल्पा के साथ कुशा कपिला, दिलनाज ईरानी, पवलीन गुजराल, चैतन्य चौधरी और अमित साध हैं। फिल्म को राधिका आनंद ने लिखा है, जबकि स्क्रीनप्ले पॉलोमी दत्ता ने लिखी है।

फिल्म का निर्माण शेरनी, छोरी और जलसा, टी-सीरीज और अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है।

# नेहा मलिक ने कराया बोल्ड फोटोशूट



भोजपुरी क्वीन नेहा मलिक हमेशा अपनी बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस को मदहोश कर देती हैं। उनके हर एक सिजलिंग लुक्स को देखकर लोगों के पसीने छूटने लाजमी है। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में वो एयरपोर्ट में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। नेहा मलिक इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एयरपोर्ट लुक्स की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में नेहा मलिक की बोल्डनेस और हॉटनेस देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी हर लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए रिस्पॉन्स देते हैं। हालांकि नेहा मलिक के चाहने वालों को उनकी हर एक पोस्ट का बेसब्री से इंतजार भी रहता है। नेहा मलिक ने अपनी इन तस्वीरों में व्हाइट कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं। बताते चलें कि नेहा मलिक का हर एक लुक सुर्खियों में रहता है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है। (आरएनएस)

# नेटफ्लिक्स ने किया खाकीः द बिहार चैप्टर के दूसरे भाग का ऐलान




पिछले साल ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई वेब सीरीज खाकी: द बिहार चैप्टर का दर्शकों और समीक्षकों द्वारा काफी सराहा गया थादर्शक पिछले लंबे वक्त से खाकी के दूसरे भाग का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो चुका है। दरअसल निर्माताओं ने खाकी: द बिहार चैप्टर 2 का ऐलान कर दिया हैइसके साथ खाकी 2 का टीजर भी सामने आ चुका है, जिसे सोशल मीडिया पर बेशुमार प्यार मिल रहा है।

नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर खाकी: द बिहार चैप्टर 2 का टीजर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आप बुलाएं और हम ना आएं? कट्टा और कानून की कहानी के दूसरे पड़ाव के लिए खाकी की वापसी।नीरज पांडे द्वारा लिखित और निर्देशित इस सीरीज में करण टैकर, अविनाश तिवारी, अभिमन्यु सिंह, ब्रिजेश्वर सिंह जतिन सरना, रवि किशन, आशुतोष राणा और भरत झा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।भाव धूलिया इसके निर्माता हैं। खाकी का दूसरा सीज़न इस डील से बाहर होने वाली पहली सीरीज़ होगी।

फिल्म निर्माता और फ्राइडे फिल्मवर्क्स के संस्थापक नीरज ने एक बयान में कहा, नेटफ्लिक्स के साथ काम करना एक पुरस्कृत अनुभव रहा है जिसने असीमित संभावनाओं को खोल दिया है। कहानी कहने के लिए उनका जुनून मेरे दृष्टिकोण के साथ अच्छी तरह से मेल खाता है। अब तक हमारी एक साथ यात्रा अविश्वसनीय रही है और मैं मुझे विश्वास है कि हमारा विस्तारित सहयोग भारत के हृदय क्षेत्र से अधिक स्थानीय कहानियों को देश और विश्व स्तर पर व्यापक दर्शकों तक पहुंचाएगा। मैं अपने दर्शकों को उनके समर्थन और खाकी-द बिहार चैप्टर की सफलता के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। यह हमें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है।

मोनिका शेरगिल, उपाध्यक्ष - सामग्री, नेटफ्लिक्स इंडिया, ने कहा: नीरज पांडे जैसे दूरदर्शी फिल्म निर्माता के साथ साझेदारी से हमें कहानी कहने की सीमाओं को आगे बढ़ाने और हमारे दर्शकों के लिए परिभाषित मनोरंजन लाने में मदद मिलती है। उनकी अनूठी शैली और मनोरम कथाएं लाने की क्षमता के साथ स्क्रीन, मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि भविष्य में प्रशंसकों की पसंदीदा फिल्में हम साथ मिलकर क्या बना सकते हैं। खाकी का दूसरा सीज़न इस रोमांचक साझेदारी का पहला अध्याय है, और आने वाले समय में और भी अधिक उत्साह देखने को मिलेगा।

# कुल मिलाकर खड़गे की टीम अच्छी

अजीत द्विवेदी

भारत में हर राजनीतिक पार्टी को संगठन या सरकार बनाते समय सबसे ज्यादा जिस बात का ध्यान रखना होता है वह जातीय व क्षेत्रीय संतुलन का होता है। इसमें कोई भी पार्टी अपवाद नहीं है। विचारधारा की बात करने वाली कम्युनिस्ट पार्टियां हों या नरेंद्र मोदी के करिश्मे पर जीत रही भाजपा हो, सबको जातीय, क्षेत्रीय, सामुदायिक और लैंगिक संतुलन का ध्यान रखना पड़ता है। तभी हाशिए में डाल दिए गए बीएस येदियुरप्पा को राजनीतिक मजबूरी में भाजपा को संसदीय बोर्ड का सदस्य बनाना पड़ा। अल्पसंख्यक कोटा पूरा करने के लिए पंजाब के सिख नेता इकबाल सिंह लालपुरा को लाना पड़ा और महिला व पिछड़ी जाति के लिए हरियाणा की सुधा यादव को बोर्ड में रखा गया। भाजपा की टीम की मिसाल देकर शुरुआत करने का मकसद यह बताना है कि कांग्रेस कोई अपवाद नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी राजनीतिक व चुनावी जरुरत के हिसाब से अपनी कार्य समिति में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन बनाने का प्रयास किया है। एक तरफ खड़गे को पार्टी के तमाम पुराने नेताओं को सीडब्लुसी का सदस्य बना कर उनको सम्मान देना था तो उदयपुर संकल्प के मुताबिक युवाओं व दलित, पिछड़ों, वंचितों, अल्पसंख्यक को भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व देना था। इन दोनों के साथ चुनावी व राजनीतिक जरूरतों का भी ध्यान रखना था। इसी मजबूरी में खड़गे को मुख्य कार्य समिति में 39 सदस्य बनाने पड़े और सीडब्लुसी के सदस्यों की कुल संख्या 84 पहुंच गई।

खड़गे ने किस तरह से राजनीतिक व चुनावी संतुलन बनाया है उस पर बात करने से पहले दो बातों पर ध्यान देना जरूरी है। पहली बात तो यह है कि कांग्रेस ने कार्य समिति के सदस्यों के चुनाव का फैसला क्यों टाला और कब यह तय हुआ कि सभी सदस्य अध्यक्ष द्वारा मनोनीत होंगे? ध्यान रहे राहुल गांधी चाहते थे कि कार्य समिति का चुनाव हो। गौरतलब है कि पारंपरिक रूप से कार्य समिति के 23 सदस्य होते थे, जिनमें आधे सदस्यों का चुनाव होता था। अगर चुनाव नहीं कराना है तो अध्यक्ष को सभी सदस्यों को मनोनीत करने के लिए अधिकृत किया जाता था। इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि चुनाव क्यों नहीं हुआ और कब व किसने अध्यक्ष को अधिकृत किया कि वे सभी सदस्यों को मनोनीत करें? कायदे से स्टीयरिंग कमेटी की बैठक होनी चाहिए थी, जिसमें खड़गे को अधिकृत किया जाता। दूसरी बात यह है कि जब पिछले साल उदयपुर के नवसंकल्प शिविर में तय हुआ था कि कार्य समिति में और पार्टी के पदाधिकारियों में भी आधे सदस्य 5० साल से कम उम्र के रखे जाएंगे तो कार्य समिति के गठन के मामले में उस सिद्धांत का पालन क्यों नहीं किया गया? मुख्य कार्य समिति के39 सदस्यों में से सिर्फ तीन ही ऐसे हैं, जिनकी उम्र 5० साल से कम है। कहने को कहा जा सकता है कि विशेष आमंत्रित या स्थायी आमंत्रित सदस्यों और अग्रिम संगठनों के अध्यक्षों को मिला कर 5० साल से कम उम्र के नेताओं की संख्या अच्छी खासी हो जाती है। लेकिन उदयपुर में दूसरा सिद्धांत तय हुआ था।

बहरहाल, कांग्रेस अध्यक्ष ने कार्य समिति का गठन करते हुए इस साल होने वाले राज्यों के विधानसभा के चुनावों को तो ध्यान में रखा ही है अगले साल के लोकसभा चुनाव को भी ध्यान में रखा है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि जिन राज्यों में कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन कर सकती है उन राज्यों के नेताओं को महत्व मिले ताकि वे अपने राज्य में मजबूती से काम कर सकें। इस साल के अंत में पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। सो, खड़गे ने इन पांचों राज्यों का पूरा ध्यान रखा है। पता नहीं यह कितनी सफल होगी लेकिन एक रणनीति के तहत कांग्रेस ने पांचों मुख्यमंत्रियों को कार्य समिति से बाहर रखा गया। इनमें से दो मुख्यमंत्रियों- अशोक गहलोत और भूपेश बघेल से यहां चुनाव होने वाले हैं। दोनों राज्यों से कांग्रेस अध्यक्ष ने बड़े चेहरों को कार्य समिति में रखा। राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट को कार्य समिति में रख कर उनके समर्थकों और जातीय समुदाय को मैसेज दिया गया है। ध्यान रहे गहलोत और पायलट के बीच संबंध अच्छे नहीं थे लेकिन पिछले दिनों कांग्रेस आलाकमान ने दोनों को साथ बैठा कर तालमेल बनवाने का प्रयास किया है। उसके बाद से दोनों में सद्भाव भी दिख रहा है। खड़गे ने मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और कार्य समिति के सदस्यों के जरिए पिछड़ा, जाट, गुर्जर, ब्राह्मण, राजपूत सबका एक संतुलन बनाया है।

इसी तरह छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को कार्य समिति में नहीं लिया गया है लेकिन ताम्रध्वज साहू को सदस्य बनाया गया है। ध्यान रहे पिछले विधानसभा चुनाव के समय अपने आप यह संदेश गया था कि ताम्रध्वज साहू को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। इसलिए साहू समाज का एक बड़ा हिस्सा कांग्रेस के साथ जुड़ा था। इस बार के चुनाव से पहले भाजपा उसे फिर अपनी ओर करने का प्रयास कर रही है। भाजपा ने पिछले दिनों 21 उम्मीदवारों की घोषणा की, जिनमें से आठ पिछड़ी जाति के थे और उनमें से चार साहू समाज के थे। भाजपा की इस रणनीति की काट खड़गे ने ताम्रध्वज साहू को कार्य समिति में शामिल करके किया है। उनके अलावा आदिवासी समाज की फूलोदेवी नेताम को भी कार्य समिति में शामिल किया गया है। ऐसे ही मध्य प्रदेश से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को भी कार्य समिति में रखा गया है और साथ ही राहुल गांधी के भरोसे की नेता मीनाक्षी नटराजन को भी सदस्य बनाया गया है। मिजोरम में भी इस साल चुनाव हैं, जहां के पूर्व मुख्यमंत्री ललथनहवला को सीडब्लुसी में शामिल किया गया है और तेलंगाना से नए चेहरे के तौर पर वामशी चंद रेड्डी को सदस्य बनाया गया है। वे युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं।

इस साल के विधानसभा चुनावों के अलावा अगले साल के लोकसभा चुनाव और कांग्रेस संगठन की मजबूती को ध्यान में रखते हुए भी खड़गे ने नए और पुराने सदस्यों का संतुलन बनाया है। उन्होंने महाराष्ट्र पर सबसे ज्यादा तवज्जो दी है क्योंकि वहां शिव सेना और एनसीपी दोनों में विभाजन को देखते हुए कांग्रेस अपना पुराना आधार हासिल करने की राजनीति कर सकती है। इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण और वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक के साथ साथ कुल नौ लोगों को कार्य समिति में रखा गया है। खड़गे ने मराठा, दलित, ब्राह्मण, महिला, पिछड़ा सबका संतुलन बनाया है। दिल्ली और पंजाब व हरियाणा से कांग्रेस एक मैसेज बनवाना चाहती है इसलिए इन तीनों छोटे राज्यों से कई नेताओं को कार्य समिति में जगह मिली है। दिल्ली से अजय माकन, अलका लांबा और देवेंद्र यादव को रखा गया है तो हरियाणा से रणदीप सुरेजवाला, कुमारी शैलजा और दीपेंद्र हुड्डा को कार्य समिति में शामिल किया गया है। पंजाब में कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री और दलित नेता चरणजीत सिंह चन्नी को फिर से महत्व देते हुए सीडब्लुसी में रखा है। पंजाब की राजनीति में इसका असर देखने को मिलेगा।

प्रादेशिक व जातीय संतुलन के अलावा मल्लिकार्जुन खड़गे ने दो संतुलन और बनाए हैं। उन्होंने नए और पुराने नेताओं का बैलेंस बनाया है तो साथ ही नेतृत्व पर सवाल उठाने वाले जी-23 के नेताओं और परिवार के प्रति निष्ठावान रहे नेताओं के बीच भी संतुलन बनाया है। कन्हैया कुमार से लेकर पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत, बीवी श्रीनिवास, सचिन पायलट, अलका लांबा, गौरव गोगोई, दीपेंद्र हुड्डा आदि युवा नेताओं को कार्य समिति में रखा गया है तो एके एंटनी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार जैसे बुजुर्ग नेताओं को भी रखा गया है। जी-23 में शामिल रहे शशि थरूर, मनीष तिवारी, आनंद शर्मा को कार्य समिति में शामिल करके खड़गे ने यह मैसेज दिया है कि पार्टी नेताओं की असहमति का भी सम्मान करती है। आंतरिक लोकतंत्र को लेकर इससे एक अच्छा मैसेज जाएगा। कुल मिला कर खड़गे ने एक अच्छी टीम बनाई है लेकिन राजनीति में किसी भी टीम की परख उसकी परफारमेंस और नतीजों से होती है। सो, आगे आने वाले चुनावों से पता चलेगा कि खड़गे की टीम कितनी कारगर है।

## सू- दोकू क्र.026

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.25 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# जो सोचना मुश्किल था

मणिपुर में फिर पुष्टि हुई है कि वहां संवैधानिक व्यवस्था भंग हो चुकी है। अगर संवैधानिक पदों पर बैठे सभी लोग संविधान की भावना और प्रावधानों के मुताबिक नहीं, बल्कि अपने स्वविवेक से चलने लगेंगे, तो संवैधानिक व्यवस्था का तहस-नहस हो जाना तय है। देश में संवैधानिक प्रावधान किस तरह अप्रसांगिक होते जा रहे हैं, इसकी ताजा मिसाल मणिपुर में देखने को मिली है। संसद या विधानसभा का सत्र बुलाने के मंत्रिमंडल के अनुरोध की राष्ट्रपति या राज्यपाल अनदेखी कर दें, ऐसी कोई व्यवस्था भारतीय संविधान में नहीं है। अगर कोई भ्रम था भी, तो उसे सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने 2०16 में स्पष्ट कर दिया, उसने व्यवस्था दी कि ऐसे अनुरोध को मानने के लिए राज्यपाल बाध्य हैं। लेकिन मणिपुर की राज्यपाल अनसुइया उइके ने इस प्रावधान का खुला उल्लंघन कर दिया है। मणिपुर की सरकार ने पहले 27 जुलाई और फिर चार अगस्त को राज्यपाल को 21 अगस्त को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का परामर्श भेजा। यह तारीख सोमवार को निकल गई, जबकि सत्र नहीं हुआ। स्पष्टत: राज्यपाल ने या तो अपने विवेक से या फिर केंद्र के निर्देश पर सत्र ना बुलाने का फैसला किया। मगर मुद्दा यह है कि ऐसा करने का कोई अधिकार उनके पास नहीं है। अगर संवैधानिक पदों पर बैठे सभी लोग संविधान की भावना



और प्रावधानों के मुताबिक नहीं, बल्कि अपने स्वविवेक से चलने लगेंगे, तो संवैधानिक व्यवस्था का तहस-नहस हो जाना तय है। अब देखना है कि अगले दो सितंबर तक सत्र बुलाने की एक अन्य संवैधानिक अनिवार्यता का पालन किया जाता है या नहीं। विधानसबा का पिछला सत्र मार्च में स्थगित हुआ था। संविधान के मुताबिक संसद या विधानसभाओं का साल में कम से कम दो सत्र होना अनिवार्य है, और दो सत्रों के बीच छह महीने से अधिक का अंतर नहीं हो सकता। अगर दो सितंबर तक भी विधानसभा की बैठक नहीं हुई, तो इससे संविधान के अनुच्छेद 174 में वर्णित इस प्रावधान का खुला उल्लंघन होगा। वैसे ताजा घटना ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है कि मणिपुर में संवैधानिक व्यवस्था भंग हो चुकी है। ऐसे में राष्ट्रपति शासन लागू करना ही एकमात्र विकल्प होता है। यह भी रहस्यमय ही है कि इतने खराब हालात के बावजूद केंद्र ऐसा कदम उठाने से क्यों हिचक रहा है? क्या ऐसे में राज्य की हालत के लिए सीधे केंद्र को जिम्मेदार नहीं माना जाना चाहिए?( आरएनएस)

# मन की मलिनता

स्वामी दयानंद का घर तब फर्रुखाबाद में था। एक दिन एक व्यक्ति एक थाली में दाल-भात परोसकर ले आया। वह व्यक्ति मेहनत मजदूरी करके अपना और अपने परिवार का पेट भरता था। उच्च कुल का नहीं होने के बावजूद स्वामीजी ने जब उसके हाथ का अन्न ग्रहण किया तो कुछ लोगों को बुरा लगा। नाराज होकर वे स्वामी जी से बोले-आपको इसका भोजन स्वीकार नहीं करना चाहिए था।

इस व्यक्ति का भोजन करने के कारण आप भ्रष्ट हो गए हैं। इस पर स्वामी जी ने कहा-क्या आप लोग जानते हैं कि अन्न-जल दूषित कैसे होता है? अन्न दो प्रकार के होते हैं। एक तो वह, जहां दूसरे को दुख देकर अन्न प्राप्त किया जाता है और दूसरा अन्न वह है जहां उसमें कोई मलिन या अभक्ष्य वस्तु पड़ जाती है। मगर इस व्यक्ति का अन्न तो इन दोनों श्रेणियों में नहीं आता है। इस व्यक्ति द्वारा दिया गया अन्न परिश्रम से कमाए पैसे का है, तब यह दूषित कैसे हो सकता है। वास्तविकता तो यह है कि हमारा मन मलिन होता है और इस कारण हम दूसरों की चीजों को मलिन मानने लगे हैं, और ऐसा करने से हम और भी मलिन हो जाते हैं।

प्रस्तुति : सुभाष बुड़ावनवाला









संस्कार परिवार देहरादून, आजिविका एजुकेशन व देहरादून की बहिनों द्वारा आज मोटे अनाज, देशभक्ति और चंद्रयान 3 की थीम पर स्वनिर्मित राखियां उत्तराखंड सब एरिया के अधिकारियों, जवानों को पहनाई गई साथ ही अन्य सैनिकों को भेंट भी की गई, इसके साथ ही गढ़ी कैंट कोतवाली में भी इंस्पेक्टर संपूर्णानंद गैरोला को बहिनों ने मंगल तिलक के साथ राखी बांधी और मिठाई खिलाई। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी, आजीव श्रीमती नीलम विजय, श्रीमती सीमा बिष्ट, श्रीमती सुष्मिता, कुमारी आकांक्षा, भारती रावत उपस्थित रहे।

# नाबालिग गुमशुदा बालक को पुलिस ने किया दिल्ली से सकुशल बरामद

संवाददाता

देहरादून। नाबालिग गुमशुदा बालक को पुलिस ने दिल्ली से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बलबीर रोड निवासी व्यक्ति ने डालनवाला कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका नाबालिक पुत्र उम्र 14 वर्ष का घर से चले गया तथा अभी तक वापस नहीं आया।

पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर प्रभारी निरीक्षक डालनवाला द्वारा टीम गठित की गई। टीम द्वारा आस-पास के सीसीटीवी कैमरों को चैक कर व सोशल मीडिया में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए रेलवे स्टेशन देहरादून, बस अड्डा देहरादून आदि स्थानों पर जाकर गुमशुदा को तलाशा गया। गठित टीम द्वारा उक्त प्रयास से नाबालिक बालक को दिल्ली से सकुशल बरामद किया गया जिसको परिजनों को सौंप दिया।

## स्मैक के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान लकड़घाट रोड श्यामपुर में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमता हुआ देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 6.50 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम दौलत पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी कृष्णा नगर कॉलोनी आईडीपीएल ऋषिकेश बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# हत्या का खुलासाः दो सगे भाईयों सहित तीन गिरफ्तार, चाकू बरामद

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। युवक की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो सगे भाईयों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू व स्विफ्ट कार भी बरामद की गयी है। हत्या की यह वारदात पैसों के लेन देन को लेकर हुए विवाद को लेकर की गयी थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती 24 अगस्त को पन्तनगर संजय वन में किसी अज्ञात व्यक्ति का रक्त रंजित शव पड़ा होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी गयी। 28 अगस्त को शव की शिनाख्त युशु उर्फ यशवन्त गौड़ पुत्र हरक सिंह निवासी ग्राम सतबूंगा थाना मुक्तेश्वर के रूप में की गई, जिस संबंध में थाना पन्तनगर में मृतक के भाई ने गौरव सिंह सहित अन्य लोगों पर अपने भाई की हत्या किये जाने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। जांच के दौरान कल देर रात पुलिस ने एक सूचना



**❑पैसों के लेनदेन के विवाद में दिया था हत्या की वारदात को अंजाम**

के बाद गौरव सिंह पुत्र स्व. हिम्मत सिंह विष्ट निवासी ग्राम व पोस्ट भटेलिया थाना मुक्तेश्वर नैनीताल, संजय बिष्ट उर्फ संजू पुत्र स्व. हिम्मत सिंह बिष्ट व मुदित हर्ष गौड़ पुत्र प्रकाश गौड़ निवासी सदबूंगा, थाना मुक्तेश्वर जिला नैनीताल को हत्या में प्रयुक्त स्विफ्ट कार के साथ टाण्डा जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में हत्यारोपी गौरव सिंह बिष्ट ने बताया कि मृतक युसू उर्फ यशवन्त गौड़ ने मेरे 50 हजार रुपये देने थे, जो मुझे गालिया देता था यह बात मेरे दिल को चुभ गयी और मैने उसकी छाती में चाकू घुसेड दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक के शव को हम लोगो ने टांडा बैरियर चौकी से करीब आधा किलो मीटर नीचे आकर सड़क किनारे फेक दिया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल चाकू व कपडे भी बरामद किये गये है। जिन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# ऑनलाईन जॉब के चक्कर में गंवाये साढे चार लाख रूपए

संवाददाता

देहरादून। ऑनलाईन जॉब के चक्कर में साढे चार लाख रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराणा प्रताप स्पोटस कालेज निवासी सोनाली पुण्डीर ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 11 अगस्त 2023 को उसके मोबाईल से व्हट्सएप्प नम्बर पर एक जॉब ऑफर देते हुए मैसेज प्राप्त हुआ था। व्हट्सएप्प पर उस व्यक्ति ने अपना परिचय देते हुए बताया कि उसका नाम वामसी सिंह है और उससे पूछा कि क्या वह पार्ट टाईम जॉब करने की इच्छुक है, इस पर उसके द्वारा सहमति दी गई। जॉब में उससे कहा गया कि इस जॉब में उसको कुछ टास्क दिये जायेगें जिसके लिए उसकों ट्रेनिंग दी जायेगी आरै उसके बाद उसको दिये गये टास्क में अच्छी रेटिंग देनी होगी। उसको कमीशन के आधार पर पैसा मिलेगा, जिससे 30 टास्क पूरे होने के बाद उसको करीब रू0 800-2000 के बीच पैसा मिलेगा। टेलीग्राम डाउनलोड करने के बाद उसके द्वारा टेलिग्राम से वामसी सिंह से सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन किया गया। इनके द्वारा मुझे जानकारी दी गई की जोयो एक ज्वैलरी की कम्पनी है जिसे ऑनलाईन ज्वैलरी बेचने के लिए टाटा ग्रुप द्वारा चलाया जा रहा है।

लिंक के माध्यम से वेबसाईट पर जाने पर उसको ज्वैलरी की ऑनलाईन सेल का बिजनेस पेज दिखाई दिया, जिस पर उसको 30 टास्क पूरे करने को कहा गया। टास्क में उसको दिख रहे प्रोडक्ट को देखकर वेबसाईट पर ही सब्मिट पर क्लिक करना होता था। उसको एक टेलीग्राम ग्रुप पर भी जुडने के लिए कहा गया था जिस पर वह इनके टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गयी थी। इस टेलीग्राम ग्रुप की प्रोफाईल फोटो में टाटा कम्पनी का नाम भी अंकित था, जिस पर उसको लगा यह टाटा वालों का ही ग्रुप है। दिनांक 11.08.2023 को टास्क पूरा होने पर उसको 1000 रूपये का कमिश्न प्राप्त हुआ था। लेकिन उसके बाद अगले दिन से ही उसको टास्क कम्पलीट करने/लेट फीस जमा करने के लिए पैसा जाम करने को कहा गया जो उसके द्वारा समय-समय पर पैसा जमा किया गया। जब उसने अपने घरवालों को अपनी ऑनलाईन जॉब के बारे में बताया तो उसको पता चला कि कोई अज्ञात साईबर अपराधियों द्वारा स्वयं को ऑनलाईन ज्वैलरी सेल करनी वाली कम्पनीं का प्रतिनिधी बताकर और उससे चार लाख 63 हजार रूपये ठग लिये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कांग्रेस प्रतिनिधि मडंल ने मुख्य निर्वाचन आयोग को सौंपा ज्ञापन

हमारे संवाददाता

देहरादून। बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव में सत्ता पक्ष द्वारा सरकारी सम्पत्तियों का दुरूपयोग, आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने तथा विपक्षी दल के कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किये जाने के विरोध में आज कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्य निर्वाचन आयोग को ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस प्रतिनिधि मण्डल ने कहा है कि बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव 2023 के मद्देनजर जिले में आदर्श चुनाव आचार संहिता लगाई गई है। बागेश्वर उपचुनाव में सत्ताधारी दल द्वारा सरकारी मशीनरी का खुलकर दुरूपयोग करने के साथ ही चुनाव जीतने के लिए धन बल और बाहु बल का प्रयोग किया जा रहा है। बागेश्वर में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ मीडिया विभाग के कर्मियों का उत्पीड़न किया जाना इसका जीता



जागता उदाहरण है।

विपक्षी दल के प्रत्याशी के पक्ष में लगाये गये बैनर और पोस्टर लगने के आधे घंटे बाद फाड़ दिए जा रहे हैं तथा स्थानीय प्रशासन एवं जिला निर्वाचन विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। साथ ही निजी वाहनों में भी यदि कोई व्यक्ति गले में विपक्षी दल के चुनाव चिन्ह वाला पट्टा डाले दिखाई पड़ रहा है तो उससे परमिशन लेटर की मांग कर तंग किया जा रहा है। सत्ताधारी दल के दबाव में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है साथ ही 188 बूथों के ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों को फोन पर डराया और धमकाया जा रहा है।

उन्होंने आग्रह करते हुए कहा है कि सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग पर रोक लगाई जाय तथा बागेश्वर उप चुनाव की कवरेज हेतु वहां पर जाने वाले मीडिया कर्मियों को इजाजत देने के साथ ही कांग्रेस अनुषांगिक संगठन के पदाधिकारियों पर लगाये गये झूठे आरोप वापस लिये जाए। प्रतिनिधि मंडल में मथुरादत्त जोशी, गरिमा मेहरा दसौनी, अमरजीत सिंह, डा. जसविंदर गोगी, शीशपाल सिंह,राजेश चमोली, मोहन काला व अनुराग मित्तल शामिल थे।

## एक नजर

# कांग्रेस पार्टी व उसके नेता जब जनता से कुछ कहते हैं, तो वे करते हैं: राहुल गांधी

मैसूरु । कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार ने बुधवार को अपने चुनाव अभियान के दौरान कांग्रेस द्वारा किए गए पांच चुनावी वादों में से एक गृह लक्ष्मी योजना शुरू की। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता जब जनता से कुछ कहते हैं, तो वे उस काम को करते हैं। कांग्रेस पार्टी की कर्नाटक सरकार ने गृह लक्ष्मी योजना शुरू करके अपना वादा पूरा किया है। इस योजना की शुरूआत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में शुरू हुई, जिसके तहत राज्य की सिद्धारमैया सरकार



बीपीएल परिवारों की महिला मुखिया को 2,000 रुपये मासिक सहायता प्रदान करेगी। मैसूर में योजना के लॉन्चिंग पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि आज कर्नाटक की करोड़ों महिलाओं को सीधे उनके बैंक खाते में 2000 रुपये की धनराशि मिली है। उन्होंने कहा, राज्य में चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक की जनता से पांच वादे किए थे। हमने कहा था कि जब कांग्रेस पार्टी और उसके नेता कुछ कहते हैं, तो वे उस काम को जरूर करते हैं। आज जब हमने टैबलेट पर क्लिक किया तो करोड़ों महिलाओं को बैंक खाते में सीधे 2000 रुपये मिले हैं।

# मायावती ने किया 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने साफ किया है कि वो आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में न तो विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा होंगी और न उनकी दिलचस्पी सत्ताधारी एनडीए खेमें में शामिल होने की है। उन्होंने किसी भी गठबंधन में शामिल होने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि बसपा उनकी पार्टी 2024 का आम चुनाव अकेले लड़ेगी। बसपा चीफ मायावती ने आज एक्स पर किये एक पोस्ट में कहा, बसपा साल 2007 की तरह विरोधियों द्वारा किए गए जुगाड़ और जोड़-तोड़ के बजाय आपसी भाईचारे के आधार पर समाज के करोड़ों उपेक्षित और बिखरे हुए लोगों को जोड़कर आगामी लोकसभा चुनाव और चार राज्यों का विधानसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ेगी।



इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने उन अटकलों को खारिज कर दिया कि बसपा विपक्षी गठबंधन ब्लॉक इंडिया में शामिल होने की सोच रहा है। मायावती ने मीडिया से अपील की कि वो इस संबंध में किसी भी तरह की भ्रामक खबरें न फैलाएं। मायावती ने सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी गुट इंडिया पर बेहद कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बसपा इन दोनों गठबंधनों में शामिल अधिकांश पार्टियों के विपरित गरीबों और शोषितों की पार्टी है। जबकि एनडीए और इंडिया दोनों ही गठबंधन गरीब विरोधी, जातिवादी और पूंजीवादी हैं।

# इलेक्ट्रिक हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे जिले के पिंपरी चिंचवड़ शहर में बुधवार की सुबह एक इलेक्ट्रिक हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से दो नाबालिगों सहित एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई है। इस संबंध में मौके पर मौजूद अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि घटना पिंपरी चिंचवड़ के चिखली इलाके में पूर्णा नगर में पूजा हाइट्स बिल्डिंग में स्थित दुकान में आज सुबह में तड़के 5.25 बजे हुई। पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम के फायर अधिकारी ने कहा, ष्अब तक इमारत के भूतल पर स्थित हार्डवेयर की दुकान के मेजेनाइन पर सो रहे चार लोगों के शव




बरामद किए गए हैं। घटना के बाद फायर विभाग की ओर से आग बुझाने के प्रयासों पर उन्होंने कहा, आग लगने की सूचना मिलने के बाद कई दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने की प्रक्रिया शुरू की गई औक कड़ी मशक्कत के बाद हालात पर काबू पाया गया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कहा कि आग लगने का कारण फिलहाल पचा नहीं चल पाया है लेकिन ऐसा लगता है कि शॉर्ट-सर्किट के कारण दुकान में आग पकड़ी हो। हालांकि, मौके पर जांच जारी है अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान 48 साल के चिमनाराम चौधरी, 40 साल की नम्रता चिमनाराम चौधरी, 15 साल के भावेश चौधरी और 13 साल के सचिन चौधरी के रूप में की गई है। सभी मृतकों के शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा रहा है।

# शक्तिशाली शब्दों का समुच्चय ही मंत्र है: आचार्य ममगांई

नगर संवाददाता

देहरादून। मंत्र एक प्रतिरोधात्मक शक्ति है, मंत्र एक कवच है और मंत्र एक महाशक्ति है, शक्तिशाली शब्दों का समुच्चय ही मंत्र है, शब्द में असीम शक्ति होती है। यह बात अखिल गढ़वाल सभा भवन में दसवें दिन की कथा में प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य शिवप्रसाद ममगांई द्वारा कही गयी।

उन्होने बताया कि शिव शब्द की व्याख्या के साथ मंत्रों का हमारे जीवन में रक्षा व सुख साधना उपलब्धी का एक शक्ति समूह है जिसमें विश्वामित्र जी नें दूसरे स्वर्ग का निर्माण किया। सगर के साठ हजार पुत्रों का होना आदि मंत्र केवल संस्कृत में ही होते हैं जैसे यह मंत्र 'ओम नमः शिवाय' महामंत्र में तीन शब्द है, 'नमः शिवाय' इसमें पांच अक्षर है, इसे पंचाक्षरी महामंत्र भी कहते हैं, पंचाक्षरी इसलिए कि अक्षरातीत है, नमः शिवाय में पांच अक्षर है जिसको ब्रह्म, प्रणव आदि नामों से भी पुकारा जाता है, उपनिषदों में कहा गया है- 'ओम् इति ब्रह्म' ओम् ब्रह्म है।

उन्होने बताया कि पतंजलि योगसूत्र में कहा गया है 'तस्य वाचक प्रणवः' प्रणव ईश्वर का वाचक है, ब्रह्म एक अखण्ड अद्वैत होने पर भी परब्रह्म और शब्द ब्रह्म इन दो विभागों में कल्पित किया गया है, शब्द ब्रह्म को भली भांति जान लेने पर परब्रह्म की प्राप्ति होती है।





'शब्द ब्रह्मणि निष्णातः परं ब्रह्माधिगच्छति' शब्द ब्रह्म को जानना और उसे जानकर उसका अतिक्रमण करना यही मुमुक्षु का एकमात्र लक्ष्य है।

जिसे ओंकार कहते हैं यही शब्द ब्रह्म है, आचार्य ममगांई ने कहा इस चराचर विश्व के जो वास्तविक आधार हैं, जो अनादि, अनन्त और अद्वितीय हैं, तथा जो सच्चिदानंद स्वरूप है उस निर्गुण निराकार सत्ता को हमारे शास्त्रों ने ब्रह्म की संज्ञा दी है, इसी ब्रह्म का वाचक शब्द ओम है, ब्रह्म इस सृष्टि में निमित्त कारण ही नहीं अपितु उपादान कारण भी है।

प्रारम्भ में एकमात्र ब्रह्म ही थे, उनकी इच्छा हुई 'एको हम बहुस्याम' और उन्होंने ही अपने आपको इस जीव जगत के रूप में प्रकट किया, जैसे मकड़ी अपने अन्दर के ही तन्तुओं से जाला बुनती है, अतः यह विश्व-ब्रह्माण्ड ब्रह्म से भिन्न नहीं है, ब्रह्म ही विभिन्न रूपों मे प्रतिभासित हो रहे हैं, अतएव ब्रह्म का वाचक होने के कारण 'ओम' ईश्वर अवतार तथा जीव जगत सभी का वाचक हुआ। इस प्रकार यह शब्द निर्गुण-निराकार ब्रह्म का बोध कराता है। इस प्रकार ओउम् शब्द के द्वारा शब्दोच्चारण की सम्पूर्ण क्रिया प्रकट हो जाती है, अतः हम कह सकते हैं कि कण्ठ से लेकर ओंठ तक जितनी भी प्रकार की ध्वनियां उत्पन्न हो सकती है, ओउम में उन सभी ध्वनियों का समावेश है, फिर इन्ही ध्वनियों के मेल से शब्द बनते हैं, अतः ओम् शब्दों की समष्टि है, अब संक्षेप में ओंकार की रचना भी समझनी जरूरी है सूदूर क्षेत्रों से लोग आये वहीं 31 तारीख होनें वाली रक्षाबंधन की बधाई आचार्य सहित अध्यक्ष लक्ष्मी बहुगुणा महासचिव सुजाता पाटनी ने दी। इस मौके पर उपाध्यक्ष सरस्वती रतुड़ी, कोषाध्यक्ष मंजू बडोनी, रोशनी सकलानी, लखपति बडोनी, चन्द्र शेखर तिवारी, माया तिवारी, सुशमा थपलियाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कार से हजारों रूपये से भरा पर्स चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने कार से हजारों रूपसे से भरा पर्स चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रतनपुर शिमला बाईपास निवासी रोहन कश्यप न कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी गाडी की लाईट ठीक करवाने के लिए त्यागी रोड पर कार एसेसरीज की दुकान पर आया था। कुछ देर बाद जब उसने अपनी कार मे पर्स निकालना चाहा तो उसका पर्स वहा नही था उसके पर्स मे कुल 5600 रूपया थे। जिसमे 500 रूपये के 8 नोट 200 का एक नोट 100 सौ के 14 नोट थे। उसका पर्स चोरी हो गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## नैनीताल को... पृष्ठ 1 का शेष

उसने यह कृत्य क्यों और किसके कहने पर अंजाम दिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन उत्तराखण्ड देहरादून के सामने यह अब तक का जटिल व तकनीकी प्रकरण सामने आया है। जिसमें टीम द्वारा कई चुनौतियों का सामना करते हुए 20 दिन विजयवाड़ा व आन्ध्रप्रदेश के विभिन्न जनपदों में जाकर दर्जनों सीसीटीवी खंगाल कर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से आधार कार्ड, ड्राईविंग लाइसेन्स व वोटर आईडी भी बरामद की गयी है।

# हरियाणा से तस्करी कर लाई जा रही 100 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। हरियाणा से तस्करी कर उत्तराखण्ड लायी जा रही 100 पेटी अंग्रेजी शराब को आबकारी विभाग द्वारा पकड़ा गया है। हालांकि इस दौरान तस्करी में प्रयुक्त ट्रैक्टर ट्राली से चालक फरार होने में कामयाब रहा जिसकी तलाश की जा रही है। बरामद शराब की कीमत साल लाख रूपये बतायी जा रही है।



जानकारी के अनुसार जिला आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा के निर्देशन में आबकारी टीम ने गदरपुर के मोतीपुर गांव से तस्करी कर हरियाणा से ट्रैक्टर ट्राली में उत्तराखंड लाई जा रही 7 लाख रुपए की हरियाणा मार्का अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। मौके से ट्रैक्टर चालक अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल हो गया। ट्रैक्टर में लदी हरियाणा मार्का की 100 पेटी अंग्रेजी शराब को आबकारी विभाग अपने कब्जे में ले लिया।

जिला आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा के मुताबिक देर रात सूचना मिली थी कि गदरपुर के मोतीपुर गांव से बड़ी मात्र में हरियाणा मार्का शराब से लदी एक ट्रैक्टर-ट्राली निकलेगी। जिसके आधार पर आबकारी विभाग के प्रवर्तन दल और आबकारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में आबकारी विभाग की एक विशेष टीम ने घेराबंदी की और ट्रैक्टर-ट्राली में गन्ने की पराली के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप को बरामद कर लिया।

फिलहाल आबकारी विभाग इस पूरे मामले में मुकदमा दर्ज कर अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि बरामद ट्रैक्टर-ट्राली किस व्यक्ति के नाम दर्ज है। आबकारी विभाग की इस बड़ी सफलता पर आबकारी विभाग के आला अधिकारियों ने जिला आबकारी अधिकारी और उनकी टीम की पीठ थपथपाई।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*